अपराध/हादसा

निवेश करवाने के नाम पर 2 लाख हड़पे

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के भुपालपूरा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दो युवकों के खिलाफ उसे कॉल कर उसे अच्छा लाभ होने का झांसा देकर 2 लाख रूपए निवेश करवाने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार दिनेश पुत्र शंकरलाल सिकलीगर निवासी फैशन पहाड़ा ने मामला दर्ज करवाया कि कोरोना काल के दौरान उसके पास कुछ दिनों पूर्व एक फोन आया था और फोन करने वाले ने उसे दिल्ली की एक कंपनी में निवेश करने पर अच्छी आय होने का झांसा दिया था। इसके बाद उसके पास लगातार ईरफान और हबीबुर्रहमान के नाम से फोन आते रहे जिससे उसने 2 लाख रूपए निवेश किए और अपने 8-10 साथियों से भी निवेश करवाए। अब यह लोग फोन ही नहीं उठा रहे है और उसके द्वारा निवेश किए गए पैसे नहीं मिल रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दीवार में छेद कर चांदी के जेवरात चोरी

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले के फतहनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके मकान की दीवार में छेद कर चांदी के जेवरात चोरी करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चुन्नीलाल पुत्र शिवराम रैगर निवासी खरताणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपनी पत्नी मिट्ठू और पुत्र राहुल घर के बाहर आंगन में सो रहे थे और कमरों पर ताला लगा हुआ था। सुबह उठकर वह ताला खोलकर कमरे में गया और देखा तो कमरे की पीछे की दीवार टूटी थी और अंदर से पेटी में से जेवरात गायब थे। पेटी में से अज्ञात चोर चांदी का कंदौरा, पाएजेब, कड़ियां, चूड़ियां, सोने के लौंग और 2 हजार रूपए नकद चोरी कर ले गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रांसपोर्ट पर आए माल को हड़पने का मामला

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ ट्रांसपोर्ट कंपनी के साथ धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कमलेश पुत्र रामभजन शुक्ला निवासी ट्रांसपोर्ट नगर गोवर्धनविलास ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि वह दिल्ली-राजस्थान ट्रांसपोर्ट का उदयपुर का शाखा प्रभारी है। कुछ दिनों पूर्व कंपनी की इंरोड़ तमिलनाडु स्थित ब्रांच पर मालपानी एण्ड कंपनी द्वारा एक पार्सल बुक करवाया गया था और उसे उदयपुर में जेड ए कानोड़वाला को देना था। साथ ही एक नम्बर दिए थे और कहा था कि इस नम्बर पर फोन पर जो पता बताए उस पर डिलीवर करना है। उदयपुर माल आने पर दिए गए नम्बर पर फोन किया और जो पता बताया था वहां पर माल डिलीवर कर दिया था, जों करीब 9 लाख रूपए की हल्दी थी। मालपानी एण्ड कंपनी द्वारा उसकी इंरोड़ ब्रांच को नोटिस देकर बताया कि माल डिलीवर नहीं हुआ है। अज्ञात ठग ने कंपनी का माल हड़प लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिव्यांग विवाहिता से छेड़छाड़ व मारपीट करने के दो आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर. नगर संवाददाता | जिले की सलूम्बर थाना पुलिस ने पैंतीस वर्षीय दिव्यांग विवाहिता के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एक विवाहिता ने तेजरात पुत्र वक्ता मीणा एवं भेरूलाल पुत्र दयाराम मीणा निवासी तेजपुरा सलूम्बर के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट व छेड़छाड़ करते हुए कपड़े फाड़ देने का मामला दर्ज कराया। रिर्पोट में यह भी बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र में नौकरी पर जाते समय आरोपी उसके साथ अभद्र व्यवहार करते है और राजकार्य में बाधा पहुंचाते है। नाक में पहनी बाली, गले में पहनी चांदी की चेन भी लूटने की कोशिश की। वार्ड पंच लालूराम मीणा ने भी लठ से मारपीट की। इस मामले की जांच करते हुए सलूम्बर थाने के एएसआई जीवतराम ने आरोपी तेजराम मीणा व भेरूलाल मीणा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

होटल कर्मचारी की संदिग्ध मौत

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र में एक होटल कर्मचारी की संदिग्धावस्था में मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मनीष (27) पुत्र लेखराम कसवा निवासी ढांढर चुरू दो माह पूर्व ही बलीचा स्थित होटल इम्पीरियल में नौकरी पर लगा था गुरूवार सुबह होटल पर चाय पी और तैयार होने के लिए अपने कमरे में गया जहां पर जी घबराने लगा और सीने में दर्द उठा, कमरे में ही चक्कर खाकर गिर गया। इस पर होटल के साथी कर्मचारी उसे पास ही स्थित निजी हॉस्पीटल ले गये जहां पर एमबी चिकित्सालय रेफर कर दिया। जहां पर आपातकालीन इकाई में चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शाम को चुरू से उदयपुर पहुंचे मृतक के चचेरे भाई आयुष पुत्र गोपीचंद कसवा ने अपने चचेरे भाई की मौत पर आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

अपहरणकर्ताओं से तलवार, पाईप व गाड़ी बरामद

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में सागर कॉलेज ऑफ बीएससी नर्सिंग छात्र करण मेघवाल के अपहरण के मामले में रिमांड पर चल रहे ललित पुत्र गणपतलाल परमार निवासी विनायक चौक गांव बूझड़ा नाई, गौरव पुत्र कैलाश वैष्णव निवासी देवादेवरी मोहल्ला नाई, नरेन्द्रसिंह उर्फ राधे पुत्र प्रतापसिंह राजपूत निवासी प्रताप चौक नाई और राघवेन्द्र उर्फ राहुल पुत्र मांगीलाल मेघवाल निवासी मेघवालों का मोहल्ला नाई से मामले की जांच कर रहे एसटी एससी सेल के प्रभारी पुलिस उप अधीक्षक जरनैल सिंह ने वारदात में उपयोग में लिया पीवीसी पाईप, तलवार व वाहन जब्त कर लियाऔर घटनास्थल की तस्दीक कर मामले की जांच पूर्ण कर अदालत में पेश किया जहां उन्हें जेल भेज दिया।

जानलेवा हमले में बदली राजनीतिक दुश्मनी

युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष का पूर्व अध्यक्ष पर हमला, अपने ही महामंत्री को जमकर कूटा, भागे भण्डारी

कार्यालय में जमकर तोड़फोड़, युवा मोर्चा महामंत्री का अपहरण कर ले गए और मारपीट कर छोड़ा, तलवारें लहराईं, स्थानीय लोगों में दहशत

उदयपुर. नगर संवाददाता | युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष सन्नी पोखरना ने गुरूवार को अपने साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष गजेन्द्र भण्डारी के कार्यालय पर हमला कर दिया। पोखरना और साथियों ने युवा मोर्चा महामंत्री हिमांशु बागड़ी से जमकर मारपीट की और कार में तोड़फोड़ कर दी। पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष गजेन्द्र भण्डारी के कार्यालय में भी जमकर तोड़फोड़ की, सारे कांच फोड़ दिए और सामान तहस-नहस कर दिया। पांच मिनट तक चले हंगामे के दौरान कोई बीच-बचाव में नहीं आया। मौके पर काफी संख्या में भण्डारी समर्थक एकत्रित हो गए और पुलिस जाब्ता भी आया। इधर प्रकरण में सन्नी पोखरना का कहना है कि वह बातचीत करने के लिए गया था और इन लोगों ने गाली-गलोच की थी, जिस पर माहौल बिगड़ गया, जबकि सीसीटीवी की फुटेज अलग ही कहानी कह रही है।

युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष और जिला मंत्री गजेन्द्र भण्डारी ने बताया कि वह अपने साथी युवा मोर्चा शहर महामंत्री हिमांशु बागड़ी, रजत सोनी, अमित माली, नीतिन जैन, नरपत सिंह और ओम टांक के साथ भुपालपूरा एल रोड़ स्थित उसके कार्यालय के बाहर बैठा हुआ था। इसी दौरान युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी पोखरना अपने साथी अमन असनानी, सेक्टर 14 के किसी कुलदीप के साथ ब्लैक स्कार्पियों में आया और उसके साथ दो-तीन कारों में और भी युवक थे। साथ ही 10-12 बाईक पर अन्य युवक भी थे। भण्डारी ने बताया कि इन युवकों के तलवारे थी और एक के पास पिस्टल भी थी। भण्डारी ने बताया कि सन्नी पोखरना के साथ आए युवकों ने आते ही उस पर तलवार से हमला किया तो वह नीचे झुक गया और वहां से भाग गया। इस दौरान एक युवक ने रजत सोनी पर भी तलवार से हमला कर दिया, तलवार के धार नहीं होने पर रजत ने हाथ से वार को रोका। हमला होते ही भण्डारी और अन्य युवक वहां से भाग गए और भण्डारी पास ही स्थित सुषमा कुमावत के कार्यालय में चला गया। इस दौरान इन युवकों ने शहर युवा मोर्चा महामंत्री हिमांश बागड़ी को जबरन अपनी कार में बैठाने का प्रयास किया। बागड़ी के विरोध करने पर इन युवकों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। हिमांशु बागड़ी को एक साथ पांच से छः युवकों ने घेर लिया और सड़क पर ही लातों और घूंसों से मारपीट की। इस दौरान अन्य युवकों ने हिमांशु बागड़ी की कार पर तलवार से हमला किया, जिससे कार के सभी कांच को तोड़ दिया और कुछ युवक गजेन्द्र भण्डारी के कार्यालय में घुस गए और कार्यालय में भी जमकर तोड़फोड़ की। कार्यालय में सभी दरवाजों के कांच तोड़ दिए और सारा सामान बिखेर दिए।

दो युवकों ने बागड़ी पर भी तलवार से हमला करने का प्रयास किया, लेकिन उसे एक हमलावर ने रोक दिया। करीब पांच से सात मिनट तक हंगामा चलता रहा और जबरन हिमांशु बागड़ी को कार में बैठाकर अपने साथ लेकर गए और कुछ आगे जाकर धमकाकर छोड़ दिया। मारपीट के कारण हिमांशु बागड़ी के कपड़े फट गए और उसके मुहँ से खुन से निकलने लगा। इसके बाद सभी वहां से चले गए। इस दौरान सूचना मिलने पर एक के बाद एक करते हुए गजेन्द्र भण्डारी के समर्थक एकत्रित हो गए और हिमांशु बागड़ी को चिकित्सालय लेकर गए, जहां पर भर्ती करवाया गया। इस सूचना मिलने पर भुपालपूरा थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत भी मय जाब्ते के आए और मौका-मुआयना किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सन्नी के भंडारी के इग्नोर करने से शुरू हुई रंजिश

शहर भाजपा जिला मंत्री और पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष गजेन्द्र भण्डारी और वर्तमान युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष सन्नी पोखरना के बीच लम्बे समय से राजनीतिक रंजिश चली आ रही है। पूर्व में गजेन्द्र भण्डारी युवा मोर्चा अध्यक्ष थे तो पोखरना उपाध्यक्ष थे। भण्डारी खुद पुनः अध्यक्ष बनना चाहते थे लेकिन उम्र ज्यादा होने क कारण नहीं बन पाए। संगठन ने सन्नी पोखरना को अध्यक्ष बनाया। इसके बाद से ही राजनीतिक रंजिश शुरू हो गई। पोखरना ने भण्डारी को किसी भी कार्यक्रम में बुलाना बंद कर दिया तो भण्डारी ने भी युवा मोर्चा पर अपना होल्ड रखने क लिए सन्नी की टीम में अपने दो समर्थक हिमांशु बागड़ी और रणजीतसिंह दिग्पाल को महामंत्री बना दिया, जिसने इस आग में पैट्रोल का काम किया। युवा मोर्चा संगठन को लेकर होने वाली सारी बातें भण्डारी तक पहुँच जाती थी, जिससे एक नई रणनीति तैयार हो जाती थी, जिससे यह आक्रोश धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा था। सन्नी पोखरना को इस बात से एलर्जी थी कि जब भण्डारी को भाजपा में जिला मंत्री बना दिया तो वह युवा मोर्चा में हस्तक्षेप क्यों कर रहा था। इसी को लेकर चरम सीमा पर पहुँच चुका आक्रोश गुरूवार को फट पड़ा और इसका अंजाम गुरूवार को नजर आया।

घटना के कुछ देर पहले ही मिले बंशी पान पर

गजेन्द्र भण्डारी टीम के साथी रजत सोनी ने बताया कि इस घटना के कुछ देर पूर्व ही सन्नी पोखरना और उसके कुछ साथी बंशी पान पर मिले थे और वहां पर बातचीत की थी, लेकिन किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि ऐसा भी हो सकता है।

युवाओं को कार्यक्रमों में आने से रोका जा रहा - पोखरना

इधर इस प्रकरण में जब युवा मोर्चा शहर जिलाध्यक्ष सन्नी पोखरना से बात की तो उन्होंने बताया कि मुझे काम नहीं करने दिया जा रहा था। जो भी कार्यक्रम करता हूँ तो उसमें भण्डारी और उसकी टीम द्वारा व्हीप जारी कर युवाओं को आने से रोक दिया जाता था। इससे संगठन में मेरी छवि खराब की जा रही थी। कई बार संगठन के लोगों को शिकायत की, लेकिन कोई ध्यान ही नहीं दे रहा था। पोखरना का कहना है कि इसी बात को लेकर केवल चर्चा करने के लिए भण्डारी के कार्यालय पर गया था, जहां पर चर्चा के दौरान इन लोगों ने गाली-गलोच की तो मामला बढ़ गया। मेरे साथ चार या पांच लोग थे और जो तलवारें लेकर आए थे वे भण्डारी के पुराने दुश्मन होंगे, उन्हें मै नहीं जानता हूँ। आत्मसम्मान से बढ़ा कुछ भी नहीं है, जो भी हुआ है उस बारे में संगठन को पूरा बताएंगे।

ऐसे हुआ विवाद

- दो दिन पूर्व पार्टी में मिले थे सन्नी और हिमांशु बागड़ी
- दोनों मे हुई बहस पर जब रविन्द्र श्रीमाली को शिकायत मे बताया कि सन्नी ने श्रीमाली को भी कहे थे अपशब्द।
- श्रीमाली ने सन्नी को किया फोन और दो दिन पुरानी बात पूछी तो सन्नी ने किया अपशब्द कहने से इंकार।
- गुरूवार को आक्रोशित सन्नी ने किया बागड़ी को फोन पर उसने नही उठाया तो सन्नी गया बागड़ी को तलाशते हुए भण्डारी के कार्यालय।
- भण्डारी मौका देखकर भागे, पर हिमांशु बागड़ी को पकड़ कर जमकर पीटा।

हर कोई मेरे जैसा काम नहीं कर सकता - भण्डारी

इधर युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान जिला मंत्री गजेन्द्र भण्डारी का कहना है कि मेरे जैसा कार्यकाल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें वह फेल हो रहा था और इसी की खीज निकाली है। भण्डारी ने कहा कि किसी भी युवा को नहीं रोका गया और सभी स्वतंत्र है। इस मामले को लेकर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी और उच्च नेताओं को भी बताया जाएगा।

नोटिस देकर पूछेंगे कारण, प्रदेश करेगा कार्यवाही - श्रीमाली

इधर भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली ने कहा कि कोई शिकायत लेकर आता है तो दोनों पक्षों को साथ बैठाकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कहा था। अब यह जो घटना हुई है उसमें सन्नी पोखरना को नोटिस देकर कारण पूछेंगे और बाद में प्रदेश नेतृत्व के पास भेजेंगे ताकी उचित कार्यवाही हो सकें।

संबंध बना ब्लैकमेल करने पर विवाहिता ने पेट्रोल डाल आग लगाई

निजी चिकित्सालय में भर्ती है विवाहिता युवक पहले ले जा चुका है सोने का टीका और हार

उदयपुर. नगर संवाददाता | शहर के सविना थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने एक युवक द्वारा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसे ब्लैकमेल करने से परेशान होकर खुद के उपर पैट्रोल डालकर आग लगा दी, जिससे विवाहिता को गंभीर रूप से झुलसी अवस्था में निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। आरोपी बार-बार विवाहिता को विडियों वायरल करने की धमकी दे रहा था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सविना निवासी एक विवाहिता ने 15 फरवरी को अपने खुद के उपर केरोसीन डालकर आग लगा दी थी। इस विवाहिता का पति किसी काम से गया था और जब पड़ोसियों ने विवाहिता को जलते हुए देखा तो आग पर काबू पाकर उसके पति को सूचना दी। सूचना पर उसका पति आया और उसे एक निजी चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती करवाया गया, जहां पर विवाहिता का उपचार चल रहा है। इधर विवाहिता ने दो दिन पूर्व अपने पति को बताया कि गांव का ही नरेश पुत्र रामलाल सुथार निवासी भैंसड़ा खुर्द ने गांव में रहने के दौरान उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे और उदयपुर आने के बाद भी आरोपी कभी-कभी उसके साथ संबंध बनाता था। इस दौरान आरोपी ने उसका एक विडियों बना लिया और अब आरोपी उसे इस विडियों को वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है। पूर्व में भी आरोपी उससे सोने का टीका, हार और करीब 22 हजार रूपए नकद ए ले जा चुका है। इसके बाद भी आरोप लगातार पैसों की मांग कर रहा है और नहीं देने पर वायरल कने की धमकी दे रहा है। इससे परेशान होकर विवाहिता ने खुद के उपर पैट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस के अनुसार विवाहिता के दो बच्चे है और वह उदयपुर में अपने पति के साथ किराए पर रहकर एक पार्लर में काम करती है। विवाहिता का पति भी प्राईवेट नौकरी करता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

उदयपुर। राजसमंद जिले के केलवा थाना क्षेत्र में बीड़ा की तलाई खटमल निवासी प्रभुलाल (32) पुत्र हरलाल मीणा बुधवार रात करीब आठ बजे मोटर साइकिल से गांव की तरफ लौटते समय अज्ञात वाहन ने टकर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायलावस्था में उसे एमबी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, उदयपुर मे वन माईक्रोन प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर्स के स्वामित्व के औद्योगिक भूखण्ड संख्या एफ-177, रीको इण्डस्ट्रीयल एरिया, गुडली, उदयपुर पर ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया है। उक्त औद्योगिक भूखण्ड की टाईटल चेन मे असल आवंटन पत्र क्रमांक 5438 दिनांक 03.02.1998 एवं रजिस्टर्ड लीज एग्रीमेंट दिनांक 06.03.1998 पैरामाँन्ट फाईबर्स प्रा. लि. के पक्ष में रीको, उदयपुर द्वारा जारी किया गये है, उक्त दस्तावेज गुम हो जाना बताये गये है, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट क्रमांक 1367871/2022 दिनांक 24.02.2022 को Cyber Crime Police Station, Jaipur (Raj.) दर्ज करवायी गयी। उक्त वर्णित औद्योगिक भूखण्ड पर कोई भी व्यक्ति / संस्था/बैंक या अन्य सरकारी या गैर सरकारी वित्तीय संस्थान जो अपना हित, भार एवं आपत्ति रखता हो, वह इस आम सूचना के 7 (सात) दिवस के भीतर अपना उजर/एतराज लिखित में मुझ अधिवक्ता के कार्यालय में उपस्थित हो मय दस्तावेजात प्रस्तुत करे, अन्यथा उक्त अवधि के पश्चात् किया जाने वाला कोई भी उजर/एतराज मेरे व्यवहारी बैंक के मुकाबले शुन्य एवं निष्प्रभावी होगा।

स्थान : उदयपुर
दिनांक : 24.02.2022

अरुण सुन्दोत (जैन)
एडवोकेट
मो.9352504408
201ए, अरिहन्त प्लाजा, उदियापोल, उदयपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को ज्ञात हो कि मेरे पक्षकार AAVAS FINANCIERS LIMITED की ओर से सूचित जाता है कि श्री [illegible] कृषि भूखण्ड सं. 217 [illegible] उदयपुर (राज.) [illegible] 1000 [illegible] [illegible] दि. 19/12/2013 [illegible] दि.03/10/2019 [illegible] दि. 15/11/2019 [illegible] दि.18/11/2020 [illegible] दि. 30/06/2021 [illegible] Online [illegible] 1356603/2022 दि. 15/02/2022 [illegible] दि. 18/11/2020 [illegible] 7 दिवस [illegible]

दिनांक : 24-02-2022

[illegible]/अंकुर गुप्ता
एडवोकेट्स
164, [illegible] मेन रोड, उदयपुर मो. 9414168747, [illegible]

निगम को यूआईटी से मिले 272 भूखण्ड का मामला

23 भूखण्ड मिले संदिग्ध, होगी लीज डीड निरस्त, 4 कर्मचारियों को 16 सीसी के नोटिस

उदयपुर. नगर संवाददाता | नगर निगम उदयपुर में पिछले कुछ समय से यूआईटी हस्तान्तरित हुए भूखण्डों में 272 भूखण्डो के शहर में 'गुम' होने के मामले में निगम ने गुरुवार को बताया कि 23 भूखण्ड ऐसे है, जो संदेह के घेरे में है और इन भूखण्डों को लेकर लोग सामने नहीं आ रहे है। साथ ही इन भूखण्डों को लेकर जिन कर्मचारियों ने लीज डीज जारी की थी ऐसे 4 कर्मचारियों के खिलाफ महापौर गोविंद सिंह टाक ने 16 सीसीए के नोटिस जारी कर कार्यवाही के आदेश दिए है। वहीं जिन लोगों ने फर्जी दस्तावेजों से लीज डीड जारी करवाई है उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाने के भी निर्देश दिए है।

नगर निगम महापौर गोविंद सिंह टाक ने बताया की 1 जनवरी 2004 से अब तक नगर विकास न्यास ने नगर निगम को 30 योजनाएं हस्तांतरित की गई थी। जिसमें निगम को यूआईटी ने कुछ भूखण्ड भी हस्तान्तरित किए थे। कांग्रेस पार्षद अजय पोरवाल ने आरोप लगाया कि हस्तान्तरित कॉलोनियों में 272 भूखण्डों निगम से गुम हो चुके है और उन पर लोगों ने यूआईटी के फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जे कर लिए हैं। पोरवाल के आरोप लगाने पर महापौर टांक ने उपमहापौर पारस सिंघवी की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया। कमेटी ने जांच की और इस आधार पर महापौर ने आयुक्त हिम्मत सिंह बारहठ को जांच कराने के आदेश दिए। नगर निगम ने अपने स्तर पर हिरण मगरी सेक्टर 3, 4, 5, 6, 8, 11, 13, प्रताप नगर योजना, सेंट्रल एरिया योजना की जांच की। नगर विकास प्रन्यास द्वारा हस्तान्तरित की योजनाओं में 6959 में से (51.3 प्रतिशत) 3551 भूखण्डों की ही पत्रावलियां हस्तांतरित हुई। 32 ऐसे भूखण्ड मिले जिनके दस्तावेज 2004 में नहीं मिले थे। इन पर जब निगम ने जांच शुरू की तो 32 में से 9 भूखण्डों की पत्रावलियां 2004 के बाद यूआईटी ने नगर निगम को भेज दी थी। शेष बचे 23 भूखण्डों में से 16 भूखण्डों पर लीज डीड या नामांतरण जारी हुए हैं और 7 भूखण्ड ऐसे है जिनकी कोई लीज डीड जारी नहीं हुई है, जिन पर निगम को संदेह है। 23 में से 10 ऐसे भूखण्ड है जिनको लेकर यूआईटी ने पैसा जमा नहीं होना बताया है। इन सभी की लीज निरस्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले में लिस 4 लिपिकों के खिलाफ 16 सीसीए के नोटिस देकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही गलत एवं कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर लीज जारी करवाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए है। महापौर गोविंद सिंह टांक ने कहा है कि नगर निगम के किसी भी कर्मचारी द्वारा कोई भी लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

यूआईटी के नाम से फर्जी दस्तावेज बनाए : निगम ने जब 23 भूखण्डों की जांच की तो सामने आया कि जिन लोगों के पास ये भूखण्ड थे उन्होंने यूआईटी के नाम से फर्जी बनाकर दस्तावेज पेश किए और इन दस्तावेजों को निगम ने असली मानते हुए लीज डीड या नामान्तरण कर दिया। जिसमें जो भी दोषी है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

इनका कहना है :-

मैं इस जांच से संतुष्ट नहीं हूँ। मै इस कमेटी का सदस्य हूँ और मुझे क्यों नहीं बुलाया गया। महापौर जो 23 भूखण्ड बता रहे है उनके नम्बर क्यों नहीं बता रहे है। साथ ही जिनके नाम से लीज डीड या नामान्तरण जारी हुए है उनके खिलाफ निगम क्या कार्यवाही कर रहा है। केवल कर्मचारियों पर ही कार्यवाही क्यों की जा रही है, अधिकारियों पर क्यों नहीं। यूआईटी से मिले 272 भूखण्डों का गबन है और निगम मात्र 23 ही बता रही है। यदि निगम सही जांच नहीं करगी तो मैं अगले सप्ताह कॉलोनीवाईज सभी भूखण्डों का खुलासा करूंगा।

अजय पोरवाल, कांग्रेस सहवृत पार्षद नगर निगम

नगर विकास प्रन्यास के दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर कुछ लोगों ने निगम में पेश कर लीज डीड या नामान्तरण करवा लिया था, जिनकी जांच कर कार्यवाही की गई है। कथित 272 भूखंड पर अवैध कब्जे होकर खुर्द बुर्द करने के आरोप गलत और भ्रामक है।

जीएस टांक, महापौर नगर निगम उदयपुर

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001

[नियम 8(6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना. 2002 सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पढ़ा गया। एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटर को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा.

क्र. सं.	ऋणी का नाम/ सह उधारकर्ता/गारंटर/ कानूनी वारिस. ऋण खाता संख्या	ज्ञात ऋणभारों के साथ सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि और समय	नीलामी की तिथि और समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मिट्ठू सिंह (उधारकर्ता) पारस कुंवर (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या एलएचयूडीआरएसएस00001273224	प्लॉट नंबर-51, आलोक स्कूल के पास, हाउसिंग बोर्ड के पास, ग्राम- दोवड़ा, तहसील और जिला राजसमंद (राज.)	रु. 2,607,549/- (23 फरवरी, 2022 तक)	रु. 12,82,500/- रु. 1,28,250/-	24 मार्च 2022 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	28 मार्च, 2022 अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://sarfaesi.auctiontiger.net/EPROC/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/नोटिस को 25 मार्च 2022 तक शाम 05:00 बजे से पहले कुल बकाया राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है। अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जमा करना होगा। ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001 25 मार्च, 2022 को शाम 04:00 बजे तक या उससे पहले। कृपया ध्यान दें, यदि संभावित बोलीदाता उपर्युक्त समय के अनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करने में असमर्थ है तो निविदा दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में जमा की जा सकती है।

आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 10, दुर्गा नर्सरी रोड, उदयपुर- 313001 25 मार्च 2022 को या उससे पहले 05:00 बजे से पहले। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) उदयपुर में देय 'आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी' के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 7021072869 पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

दिनांक : 25 फरवरी, 2022
स्थान : उदयपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड